
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्ज्वल**

## 16 मई

1. **सिक्किम स्थापना दिवस–** 1642 ई. में सिक्किम में नामग्याल राजवंश का उदय हुआ था। तबसे 1975 तक सिक्किम में राजवंश कायम रहा। 16 मई, 1975 को सिक्किम भारत संघ में विलय हो गया। भारत के 38वें संविधान संशोधन द्वारा सिक्किम को भारत का 22वां राज्य का दर्जा दिया गया और लोकतंत्र की स्थापना की गयी। इस दिन को सिक्किम राजकीय दिवस के रूप में मनाता है।
   - **संदर्भः रेडियंस पार्ट 3, अध्याय 9 'सिक्किम'** तथा **'पर्यावरण और हम भाग 3' के अध्याय 1** के संदर्भ में बच्चों से चर्चा करें।
2. **जुंको ताबेइ का एवरेस्ट फतेह–** जुंको ताबेइ (जापान) माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली विश्व की पहली महिला है। उन्होंने 16 मई, 1975 को संसार की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतेह किया था। उन्होंने 1992 में विश्व के सातों महादेशों की सबसे ऊँची चोटियों को भी फतेह किया। ऐसा करने वाली वे विश्व की प्रथम महिला बनीं।
   - **संदर्भः 'पर्यावरण और हम भाग 3' के अध्याय 1**
3. **अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस–** 16 मई को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1960 में प्रसिद्ध भौतिकशास्त्री और इंजीनियर थियोडोर मेमन द्वारा लेजर के पहले सफल संचालन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 16 मई को मनाया जाता है। यह दिवस विज्ञान, संस्कृति एवं कला, शिक्षा और सतत विकास, औषधि संचार और ऊर्जा के विविध क्षेत्र में प्रकाश की भूमिका के उपलक्ष्य में 16 मई को मनाया जाता है।
4. **राष्ट्रीय डेंगू रोकथाम दिवस–** डेंगू रोग की बीमारी को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस प्रतिवर्ष 16 मई को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मनाया जाता है। डेंगू के मच्छर मानसून (जुलाई से अक्टूबर) के समय पानी इकट्ठा होने से पनपते हैं। डेंगू मादा एडिज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर अधिकतर रोशनी में या दिन के समय काटते हैं। मादा एडिज ज्यादा ऊँचाई पर नहीं उड़ पाते यही कारण है कि यह अधिकतर घुटनों के नीचे काटता है। इसके काटने के 3 से 5 दिनों के बाद बुखार आदि के लक्षण आने लगते हैं।
5. **विश्व कृषि पर्यटन दिवस–** प्रतिवर्ष 16 मई को विश्व कृषि र्प्यटन दिवस मनाया जाता है। कृषि–पर्यटन में शहरी पर्यटक किसानों के घर में रहते हैं। अपने प्रवास के दौरान वे खेती की गतिविधियों, ट्रैक्टर की सवारी, बैलगाड़ी की सवारी में संलग्न होते हैं। इसके अलावे वे लोकगीतों और नृत्यों का आनंद लेते हैं। वे ताजा कृषि उपज खरीदते हैं।

T h u r s d a y



*Madhu priya*

# दिवस विशेष

16 मई

## मधु प्रिया


## अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस 16 मई




भौतिक विज्ञानी और इंजीनियर, थियोडोर मैमन द्वारा 1960 में लेजर के पहले सफल संचालन की वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 16 मई को अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया जाता है।अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश दिवस का उत्सव दुनिया भर में समाज के विभिन्न क्षेत्रों को उन गतिविधियों में शामिल होने में सक्षम बनाएगा जो यह प्रदर्शित करते हैं कि कैसे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला और संस्कृति यूनेस्को के लक्ष्यों अर्थात् शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण, को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।16 मई, 2018 को संपूर्ण विश्व में पहला 'अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस' मनाया गया।यह दिवस विज्ञान, संस्कृति कला, शिक्षा और सतत विकास, और औषधि, संचार और ऊर्जा के विविध क्षेत्र में प्रकाश की भूमिका के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वर्ष 1960 में भौतिकशास्त्री और इंजीनियर थियोडोर मेमन द्वारा लेजर के पहले सफल संचालन की सालगिरह के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 16 मई को यह दिवस मनाया जाता है। 7 नवंबर, 2017 को यूनेस्को के सामान्य सभा के 39वें सत्र में 16 मई को इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी।

# जयंती विशेष 16 मई

राकेश कुमार




**मंगलेश डबराल** *Manglesh Dabral*, जन्म- 16 मई, 1948, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड निधन- 9 दिसंबर 2020, दिल्ली) हिन्दी की आधुनिक कविता के अत्यंत सम्मानीय और शीर्ष रचनाकारों में से एक हैं। उन्होंने हिन्दी कविता को नये अनुभवों से सम्पन्न किया है। 'पहाड़ पर लालटेन' उनका पहला संग्रह था जो 1981 में आया और 'नये युग में शत्रु' सबसे नया संग्रह है जो 2013 में प्रकाशित हुआ। मंगलेश डबराल का सुंदर, सोद्देश्य गद्य उनकी यात्रा डायरी 'एक बार आयोवा' और 'लेखक की रोटी' में देखा जा सकता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 16.05.2024

## वाक्यविन्यास


किसी भाषा में जिन सिद्धान्तों एवं प्रक्रियाओं के द्वारा वाक्य बनते हैं, उनके अध्ययन को भाषा विज्ञान में वाक्यविन्यास, 'वाक्यविज्ञान' या सिन्टैक्स (syntax) कहते हैं। वाक्य के क्रमबद्ध अध्ययन का नाम 'वाक्यविज्ञान' कहते हैं। वाक्य विज्ञान, पदों के पारस्परिक संबंध का अध्ययन है। वाक्य भाषा का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है। मनुष्य अपने विचारों की अभिव्यक्ति वाक्यों के माधयम से ही करता है। अतः वाक्य भाषा की लघुतम पूर्ण इकाई है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**अनंत अंबानी** की वंतरा टीम लगभग **3500 किलोमीटर** का सफर तय कर के एक **हाथी** और उसके बच्चे को बचाने के लिए **मणिपुर** गई। टीम ने दोनों जानवरों को **सुरक्षित** बचा लिया है।



# जैवप्रक्रम TOBTLM 148

कक्षा 10

# प्राणीसम पोषण



- प्राणीसम पोषण वह पोषण है जिसमें जीव ठोस आहार ग्रहण कर उसे पचाता है और उसका उपयोग करता है।
- इस प्रकार के पोषण में जीव पोषण के विभिन्न चरणों को संपादित करता है।

**1. अंतर्ग्रहण** **2. पाचन** **3. अवशोषण**

**4. स्वांगीकरण** **5. बहिष्करण**

- वैसे जीव जो प्राणीसम पोषण करते हैं उन्हें प्राणीसमभोजी कहते हैं। इस प्रकार का पोषण सामान्यतः जंतुओं में पाया जाता है।
- यह अमीबा, गाय, भैंस, कुत्ता, हाथी, घोड़ा, मनुष्य, मेढ़क, पक्षी आदि जीवों में पाया जाता है।

Rajesh Kumar Singh

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 388

**जलियावाला बाग हत्याकांड की भर्त्सना सर्वप्रथम किस यूरोपियन देश ने की थी?**

A. जर्मनी

B. पोलैंड

C. फ्रांस

D. सोवियत रूस



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A

61. ‘ए शॉट एट हिस्ट्री’ पुस्तक के लेखक कौन हैं? – अभिनव बिंद्रा (अभिनव बिंद्रा 10 मीटर एयर

62. ओलम्पिक के आदर्श उद्देश्य वाक्य के रचयिता कौन हैं ? – फादर डिडोन

63. दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट – पीवी सिंधु (बैडमिंटन)

64. ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला – पीवी सिंधु (बैडमिंटन, रियो ओलंपिक 2016 में)

65. बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप का स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय और बैडमिंटन विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय – पीवी सिंधु

66. ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला एथलीट – कर्णम मल्लेश्वरी (भारोत्तोलन में महिलाओं के 69 किलोग्राम वर्ग में 2000 के सिडनी ओलंपिक में कांस्य पदक)

67. ओलम्पिक खेल कितने वर्षों के अंतराल में आयोजित किए जाते हैं? – 4 वर्ष के अंतराल पर

68. ओलम्पिक खेल में भारत ने हॉकी का स्वर्ण पदक अंतिम बार कब जीता था ? – 1980 ई. में

69. किस ओलम्पिक खेल में ओलम्पिक के आदर्श उद्देश्य वाक्य को सर्वप्रथम अपनाया गया था ? – 1920 के एंटवर्प में

70. ओलम्पिक खेलों का प्रारंभ कब हुआ? – 776 ई. पू. में

# डेंगू से बचने के उपाय

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## मच्छरों को पैदा होने से रोकें

- गड्ढों को मिट्टी से भर दें
- अपने आसपास पानी जमा न होने दें,
- रुकी हुई नालियों को साफ करें
- रुके पानी पर केरोसिन अथवा मोबिल ऑयल डालें
- कूलर, फूलदान का पानी हफ्ते में एक बार बदलें
- पक्षियों को दाना-पानी देने के बर्तन को रोज साफ करें
- पानी की टंकी को अच्छी तरह बंद करके रखें
- घर में टूटे-फूटे डिब्बे, टायर, बर्तन, बोतलें आदि न रखें



## मच्छरों के काटने से बचें

- घर के खिड़कियों और दरवाजों पर महीन जाली लगवा लें
- मच्छरनाशक क्रीम, स्प्रे, मैट्स, कॉइल्स आदि इस्तेमाल करें
- शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़े ही पहनें



# राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई

Madhu priya

www.teachersofbihar.org




# सिक्किम राज्य स्थापना दिवस

16 मई

समस्त राज्यवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

16 मई 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

छोटी छोटी नदियां शोर मचाती है

जबकि विशाल महासागर शांत रहता है।

**गौतम बुद्ध**



राकेश कुमार